हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34.7c
न्यूनतम 26.8c

11 एशियन चैंपियनशिप में मस्तनाथ विवि के छात्र धीरज...



12 निगम की जमीन पर बजरी की दुकान...



## शहर में आज

- वार्ड-15 में स्वच्छता अभियान सुबह 8 बजे
- पीडब्लयूडी कर्मचारियों की आंदोलन को लेकर बैठक सुबह 11 बजे
- एमडीयू में कुश्ती स्पर्धा का आज दूसरा दिन सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित पुत्र साधुराम निवासी गरनावठी के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## गुरुग्राम एनकाउंटर: नाबालिग शूटर के पिता ने उठाए सवाल- बोले

# जेवलिन थ्रो का खिलाड़ी था बेटा सीने की जगह टांग में मार लेते गोली

- रोहतक तक सुनाई दी एनकाउंटर की गूंज, भालौठ के हैं मारे गए 3 शूटर, व्यापारी को उसी के घर में ही बना रखा था बंधक
- पांच में से 4 आरोपी मुठभेड़ में मारे गए, 3 पुलिसकर्मी भी जख्मी
- परिजनों को बिना बताए घर से निकले थे तीनों, चौकीदार ने दी एनकाउंटर की खबर, गांव में किया संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गुरुग्राम में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए चार कथित शूटर्स के मामले की गूंज जिले के भालौठ गांव तक गूंजी। इन चार मृतकों में से तीन भालौठ गांव के थे, जबकि एक फतेहाबाद का था। परिजनों को अभी तक यकीन नहीं हो रहा कि वे एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। इनमें से एक 17 वर्षीय नाबालिग व 12वीं का छात्र जेवलिन थ्रो का खिलाड़ी था। वह दो दिन पहले बाइक ठीक करवाने की कहकर घर से निकला था। इसी गांव का एक युवक कांवड़ लेने की बोलकर गया था। वहीं, एक अन्य युवक दोस्त के साथ गया था। परिजन इनके आने का इंतजार कर रहे थे, लगातार फोन मिला रहे थे, लेकिन ये नहीं लौटे। सीधा इनका एनकाउंटर की खबर आई।

शुक्रवार सुबह जैसे ही पुलिस और गांव के चौकीदार के माध्यम से परिवारों को एनकाउंटर की सूचना मिली, घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का दावा है कि उनके बेटों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था और वे बहकावे का शिकार हो गए। परिवारों ने मुठभेड़ के तरीके पर भी सवाल उठाए हैं। नाबालिग मृतक आर्यन के पिता प्रदीप फोगाट ने यदि उनका बेटा किसी के बहकावे में आ भी गया था तो उसे आत्मसमर्पण का मौका मिलना चाहिए था। गोली टांग में भी मारी जा सकती थी, सीधे सीने में नहीं। गमगीन माहौल में परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया। पुलिस का दावा है कि यह चारों दीपक नांदल गैंग के शार्प शूटर थे। इन्होंने गुरुवार रात गुरुग्राम के सुशांत लोक इलाके में एक कारोबारी को फिरौती के लिए उसके ही घर में बंधक बना लिया था। यहां आमने-सामने हुई मुठभेड़ में यह चारों मारे गए। वहीं, इनका एक साथी घायल हो गया। दूसरी ओर पुलिस के भी तीन जवान घायल हुए हैं।



- आर्यन 12वीं का छात्र था, जेवलिन थ्रो में 55 से 60 मीटर तक भाला फेंकता था, नहीं था कोई केस



- अंकित दो दिन पहले हरिद्वार से कांवड़ लेने की कहकर निकला था, पुलिस रिकॉर्ड में नहीं था नाम



- नितिन 10वीं का छात्र था, घर से आर्यन के साथ निकला था, उसके खिलाफ पहले दो केस दर्ज हैं

### बच्चों को बहकाकर बर्बाद कर रहे गैंगस्टर

मारे गए 17 वर्षीय आर्यन के पिता प्रदीप फोगाट ने बताया कि उनका बेटा 12वीं कक्षा का छात्र था और पिछले दो वर्षों से जेवलिन थ्रो की नियमित प्रैक्टिस कर रहा था। वह 55 से 60 मीटर तक भाला फेंकता था। दो दिन पहले वह बाइक ठीक कराने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार ने उसकी तलाश भी की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। प्रदीप का कहना है कि उनके बेटे के पास मोबाइल भी नहीं था। पहली बार मीडिया के जरिए दीपक नांदल गैंग का नाम सुनने को मिला। उन्होंने पुलिस मुठभेड़ पर भी सवाल उठाए। आर्यन के पिता ने कहा कि आज विदेश में बैठे कई गैंगस्टर मासूम युवाओं को लालच और झूठे वादों में फंसाकर अपराध की दुनिया में धकेल रहे हैं। ऐसे गिरोहों के सरगनाओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि और परिवार उजड़ने से बच सकें। अब कार्रवाई नाबालिग बच्चों पर हो रही है, जिन्हें सही रास्ते पर लाना भी सरकार की जिम्मेदारी है।



### मजदूरी करता था अंकित

अंकित के पिता अनिल ने बताया कि उनका बेटा दो दिन पहले हरिद्वार से कांवड़ लाने की बात कहकर घर से निकला था। ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं था। कभी-कभार दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। उसके खिलाफ पहले कभी कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ। एनकाउंटर की जानकारी उन्हें भी शुक्रवार सुबह पुलिस और गांव के चौकीदार से मिली।

### पहले भी पकड़ा गया था नितिन

नितिन के पिता संजय पेशे से टैक्सी ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 10वीं कक्षा का छात्र था। वह दोस्त आर्यन के साथ बाइक पर घर से निकला था, फिर फोन बंद आने लगा। गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचा तो उन्हें इंतजार करने की सलाह दी गई। अगले दिन गांव के सरपंच के जरिए एनकाउंटर की सूचना मिली। कुछ समय पहले नितिन एक अन्य पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया था। पुलिस उस पर सरकारी गवाह बनने का दबाव बना रही थी। परिवार में दादा, पिता और एक छोटा भाई है, जिसने हाल ही में 12वीं पास की है।

### फतेहाबाद के संदीप पर दर्ज थे 14 केस

एनकाउंटर में मारा गया संदीप उर्फ दीपा फतेहाबाद के गांव समैन का निवासी था। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित 14 आपराधिक मामले दर्ज थे। वह लंबे समय से फरीदाबाद और गुरुग्राम क्षेत्र में रह रहा था। चारों मृतकों में से वही सबसे शातिर था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार नितिन के खिलाफ हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने के दो मामले दर्ज हैं।

## नाइट डोमिनेशन: रातभर जागती रही पुलिस

# 38 जगह नाके लगा 1900 वाहन जांचे पिस्तौल, शराब, चोरी की बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अगर कोई अपराधी यह सोच रहा था कि रात का अंधेरा उसे बचा लेगा, तो बृहस्पतिवार की रात रोहतक पुलिस ने उसकी इस गलतफहमी को तोड़ दिया। जिलेभर में चले छह घंटे के नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 38 स्थानों पर नाकेबंदी कर हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी। अभियान के दौरान करीब 1900 वाहनों की जांच हुई, 81 चालान काटे गए, सात वाहन जब्त किए गए और तीन अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देसी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, 14 बोतल अवैध देसी शराब तथा चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं।

### चलाया विशेष अभियान

एसपी गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक पूरे जिले में विशेष नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। जिले के सभी उप पुलिस अधीक्षक, थाना व चौकी प्रभारी, सीआईए स्टाफ, राइडर, पीसीआर और ईआरवी टीमों को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया। पुलिस लाइन और एसपी कार्यालय में तैनात अतिरिक्त पुलिस बल को भी नाकों पर लगाया गया, जिससे हर संवेदनशील स्थान पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

### संदिग्ध वाहन की जांच की



अभियान के दौरान जिले में 38 स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर आने-जाने वाले प्रत्येक संदिग्ध वाहन की जांच की गई। पुलिस ने कुल 630 दोपहिया, 553 चारपहिया और 722 बड़े वाहनों की जांच की। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 81 वाहनों के चालान किए गए, जबकि नियमों का गंभीर उल्लंघन करने वाले सात वाहनों को इंपाउंड किया गया।

### टीमों ने होटल, ढाबों पर की चेकिंग

सिर्फ सड़कों तक ही अभियान सीमित नहीं रहा। पुलिस टीमों ने होटल, ढाबों, बाजारों, पार्कों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों और एटीएम बूथों सहित 126 से अधिक सार्वजनिक स्थानों की गहन जांच की। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों की भी जांच की गई। महिला पुलिसकर्मियों ने भी रातभर गश्त और नाकाबंदी में सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 21 व्यक्तियों को बीएनएसएस की धारा 172 के तहत पाबंद किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई भविष्य में शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए की गई। नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस को तीन अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण सफलता मिली। कार्रवाई के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो देसी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, 14 बोतल अवैध देसी शराब और चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं।

### अभियान लगातार जारी रहेंगे



एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि जिले में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। रात के समय गश्त और नाकाबंदी को और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि अपराध होने से पहले ही उसे रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# पुलिस की नाक के नीचे आरओ वाटर की आड़ में चल रहा था दारू का धंधा

## शिवाजी कॉलोनी थाने से 100 मीटर दूर नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में इंद्र नगर के प्लॉट में आरओ वाटर की आड़ में नकली शराब का कारोबार हो रहा था। हैरानी की बात यह है कि यह फक्ट्री पुलिस की नाक के नीचे शिवाजी कॉलोनी थाने से 100 मीटर दूर चल रही थी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने छापेमारी के दौरान हजारों पव्वे शराब, लाखों क्यूआर कोड, हजारों होलमार्क, कैमिकल, पैकिंग सामग्री और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। देखने में बाहर से यह परिसर एक सामान्य आरओ प्लांट की तरह दिखाई देता था, लेकिन अंदर 13 कमरों में नकली शराब तैयार करने और उसे नामी ब्रांडों की तरह पैक कर बाजार में खपाने का पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा था। अब पुलिस इस पूरे रैकेट के पीछे जुड़े लोगों और सप्लाई चेन की जांच में जुट गई है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि 10 जुलाई को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

### 13 कमरों में मिला नकली शराब बनाने का सेटअप



एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि इंद्र नगर के एक प्लॉट में आरओ प्लांट की आड़ में नकली और मिलावटी शराब तैयार कर पैक की जा रही है। इस पर सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष यादव के मार्गदर्शन में शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश और आबकारी विभाग के निरीक्षक को साथ लेकर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। जब पुलिस टीम प्लॉट के अंदर पहुंची तो वहां 13 कमरे बने हुए थे। तलाशी के दौरान एक-एक कमरे से नकली शराब बनाने और पैकिंग में इस्तेमाल होने वाला भारी मात्रा में सामान मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बिना लाइसेंस और परमिट के शराब तैयार कर उस पर फर्जी स्टीकर, क्यूआर कोड और होलमार्क लगाकर बाजार में सप्लाई की जा रही थी। इससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

### पुलिस ने मौके से ये सामान किया बरामद

पुलिस ने मौके से 2725 पव्वे शराब, तीन बड़ी प्लास्टिक टंकियां, एक आरओ सिस्टम, 200 लीटर कैमिकल, 27,600 होलमार्क, 1,22,400 क्यूआर कोड, 4000 ढक्कन, 1800 शराब पैक करने के गत्ते, 9900 खाली पव्वे, खाली ड्रम, रैपर तथा अन्य उपकरण बरामद किए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद सामान से स्पष्ट है कि यहां बड़े स्तर पर नकली शराब तैयार कर उसे असली ब्रांड का रूप देकर बेचा जा रहा था।

## राजीव गांधी खेल परिसर में अग्निवीर भर्ती रैली 20 से

**रोहतक।** मुख्यालय आरटीजी जोन, अंबाला के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 20 से 27 जुलाई तक रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में होगी। भर्ती रैली में सोनीपत, पानीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के वे अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिन्होंने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण की है। इसके अलावा उन अभ्यर्थियों की भी स्क्रीनिंग इसी रैली में होगी, जिन्होंने केंद्रीय श्रेणी के तहत जेसीओ (धार्मिक शिक्षक), हवलदार शिक्षा, जेसीओ कैटरिंग तथा हवलदार सर्वे ऑटो कार्टो पदों के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा पास की है। पात्र अभ्यर्थी 14 जुलाई से भारतीय सेना की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि और समय पर सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं प्रमाण-पत्रों के साथ भर्ती स्थल पर समय से पहुंचना होगा। किसी जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी भर्ती कार्यालय के नंबर 01262-253431 या हेल्प लाइन नंबर 8901384498 पर संपर्क कर सकते हैं।

**मिसाल** | एमडीयू में अंडर-23 नेशनल कुश्ती स्पर्धा का आगाज

# संघर्षों को पटखनी दे बेटियों ने जीते पदक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शुक्रवार से शुरू हुई अंडर-23 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता के पहले ही दिन महिला पहलवानों ने अपने जज्बे, संघर्ष और प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंची खिलाड़ियों ने मैट पर दमदार मुकाबले किए और साबित कर दिया कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों से लड़ने की हिम्मत से भी मिलती है।प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की लीजा, हिमाचल प्रदेश की प्रेरणा मेहता और पंजाब की सोनल ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। इन तीनों खिलाड़ियों की कहानियां केवल जीत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संघर्ष, त्याग और परिवार के सहयोग की मिसाल भी हैं।

### चोट से जूझीं, नहीं मानी हार

उत्तर प्रदेश की पहलवान लीजा ने अंडर-23 नेशनल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर साहस का परिचय



दिया। उन्होंने वर्ष 2019 में कुश्ती की शुरुआत पिता प्रदुमन कुमार के सपने को पूरा करने के लिए की थी। अभी लीजा कंधे व गर्दन की गंभीर चोट से जूझ रही हैं और जल्द उनकी सर्जरी भी होनी है। चोट के कारण वह महीनों से अभ्यास नहीं कर सकीं, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। बिना नियमित अभ्यास सीधे नेशनल स्पर्धा में उतरकर उन्होंने कांस्य पदक जीता। उनका कहना है कि खिलाड़ी का जीवन संघर्षों से भरा होता है। मुश्किल समय में मानसिक मजबूती सबसे बड़ी ताकत बनती है। अब तक वह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 3 पदक जीत चुकी हैं।

### दादा-पिता की राह पर चलीं

हिमाचल प्रदेश की प्रेरणा मेहता ने अंडर-23 नेशनल कुश्ती में रजत पदक अपने नाम किया। प्रेरणा ऐसे



परिवार से आती हैं, जहां कुश्ती की समृद्ध परंपरा रही है। उनके दादा निर्मल सिंह और पिता मोहिंद्र सिंह दोनों ही जाने-माने पहलवान रहे हैं। परिवार की इसी विरासत से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 2016 में कुश्ती शुरू की। पहला राष्ट्रीय पदक उन्हें 2019 में स्कूली खेलों में कांस्य के रूप में मिला। उन्होंने 2021 की नेशनल स्पर्धा में कांस्य और अंडर-17 में रजत पदक जीता। स्कूली राष्ट्रीय स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक भी उनके नाम हैं। अब अंडर-23 में रजत जीतकर उन्होंने साबित किया कि लगातार मेहनत और अनुशासन से सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं।

### गांव की मिट्टी मे तपी

पंजाब की सोनल ने अंडर-23 नेशनल कुश्ती के 53 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया।



उन्होंने वर्ष 2022 में अपने पिता और कोच योगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कुश्ती शुरू की। खेल के लिए शहर की आरामदायक जिंदगी छोड़ वे गांव की उस मिट्टी में तपीं, जहां परिवार ने कुश्ती अकादमी शुरू की। सुविधाओं से दूर रहकर कठिन अभ्यास करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उन्होंने इसे अपने लक्ष्य के आड़े नहीं आने दिया। नतीजा आज राष्ट्रीय स्तर के रजत पदक के रूप में सामने है। 2024 में सोनल अंडर-17 नेशनल में कांस्य और इंटर कॉलेज में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनके अनुसार सफलता के लिए त्याग व अनुशासन सबसे जरूरी हैं।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव
हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन के लिए केवल दो दिन बाकी

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### हर बेटी करे पुकार, मां मुझे जीने का है अधिकारः मलिक



**रोहतक।** समाज में लगातार गिरते लिंगानुपात को रोकने तथा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उप स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी बोहर द्वारा शुक्रवार को गांव गढ़ी बोहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में डॉ. अंकित, कुलताज मलिक, नरेश (हेल्थ इंस्पेक्टर), विमला (हेल्थ सुपरवाइजर), सविता, सुदेश सहित केंद्र की सभी आशा कार्यकर्ताओं, स्कूली शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या महापाप है, लिंगानुपात बचाएं – समाज बचाएं जैसे संदेशों वाली तख्तियां और बैनर हाथों में लेकर पूरे गांव में पदयात्रा की तथा लोगों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों के सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलताज मलिक ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर सामाजिक बुराई है।

### एसआईआर अभियान में तेजी लाएं अधिकारीः मलय



**रोहतक।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव मलय मल्लिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अभियान में तेजी लाते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना आयोग की प्राथमिकता है, इसलिए अभियान को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। शुक्रवार को प्रधान सचिव मलय मल्लिक के नेतृत्व में आयोग की टीम ने जिले में एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। टीम में सहायक अनुभाग अधिकारी तेजिंदर सिंह और कनिष्ठ सचिवालय सहायक दिनेश कुमार भी शामिल रहे। अभियान के दौरान अब तक 20,619 मृत, 33,776 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 2,948 पहले से पंजीकृत, 3,129 अनुपस्थित तथा 323 अन्य श्रेणी के मतदाताओं की पहचान की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 70,795 अप्रमाणित मतदाता चिह्नित किए।

### सीएम विंडो की शिकायतों को जल्द निपटाए अधिकारी : मीणा

**रोहतक।** प्रदेश के मानव संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव पीसी मीणा ने सीएम विंडो पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में ओवरड्यू शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और आगामी समीक्षा बैठक से पहले उनकी संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के बाद कार्रवाई रिपोर्ट तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए। शुक्रवार को हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के माध्यम से आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठक में पीसी मीणा ने सभी जिला उपायुक्तों से शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रगति की जानकारी ली।

## सीएम विंडो : एक माह से लंबित मामलों और असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं के कारणों पर होगा मंथन, 13 को समीक्षा बैठक

# जिले में 16,316 शिकायतें दर्ज, 16,048 का निस्तारण, प्रदेश में आठवें स्थान पर

- जिले का कम्पोजिट स्कोर शुक्रवार को 75 .82 रहा, तकरीबन एक महीने पहले ये 70 पर था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रणाली (सीएम विंडो) पर लंबित शिकायतों के निस्तारण को लेकर हरियाणा सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेशभर में एक माह से अधिक समय से लंबित शिकायतों और उनके निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा के लिए 13 जुलाई को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विभागों को लंबित मामलों, देरी के कारणों और शिकायतों के समाधान की स्थिति पर जवाब देना होगा। रोहतक जिले में भी अभी 268 शिकायतें लंबित हैं, जबकि कुल 16,316 शिकायतों में से 16,048 का निस्तारण किया जा चुका है। शिकायतों के समाधान के मामले में रोहतक प्रदेश में आठवें स्थान पर है। जिले का कम्पोजिट स्कोर 75.82 शुक्रवार को था। तकरीबन एक महीने पहले ये 70 था। मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार 13 जुलाई को दोपहर तीन बजे होने वाली बैठक की अध्यक्षता डीपीएससीएम अजय कुमार करेंगे। सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विभाग के ऐसे वरिष्ठ नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से बैठक में भेजें, जो अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक अथवा एचसीएस (क्लास-1) स्तर से कम का न हो। साथ ही अधिकारी को विभाग से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों और लंबित मामलों की पूरी जानकारी होना भी आवश्यक है।

### कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों से पूछा जाएगा कारण

समीक्षा बैठक में विभागों के कंपोजिट स्कोर का भी आकलन किया जाएगा। जिन विभागों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया है, उनसे कारण पूछे जाएंगे और सुधारात्मक उपायों की जानकारी ली जाएगी। अधिकारियों को बैठक के लिए आवश्यक प्रस्तुति भी सीएम विंडो पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है, ताकि वे पूरी तैयारी के साथ शामिल हो सकें। सरकार का उद्देश्य सीएम विंडो के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि बढ़ाना और विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। ऐसे में 13 जुलाई को होने वाली यह समीक्षा बैठक विभागों के प्रदर्शन की कसौटी मानी जा रही है।

### एक माह से लंबित शिकायतों पर रहेगी विशेष नजर

बैठक में विशेष रूप से उन शिकायतों की समीक्षा होगी, जो एक महीने से अधिक समय से लंबित हैं या जिन पर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार ऐसे मामलों में देरी के कारणों की जानकारी लेकर संबंधित विभागों से जवाब तलब करेगी।

### 10-10 मामलों की होगी समीक्षा

बैठक में उन शिकायतकर्ताओं के मामलों पर भी चर्चा होगी, जिन्होंने शिकायत का निस्तारण होने के बावजूद संतुष्टि नहीं जताई है। प्रत्येक विभाग से ऐसे 10 मामलों की समीक्षा की जाएगी। इन शिकायतों की सूची पहले ही संबंधित विभागों को ई-मेल के माध्यम से भेजी जा चुकी है और सीएम विंडो पोर्टल पर भी उपलब्ध करा दी गई है।

### सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल



नगराधीश शुभम ने बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रणाली (सीएम विंडो) पर प्राप्त शिकायतों का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है और संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। लंबित मामलों की समय-समय पर समीक्षा कर अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली जाती है।

## दावा : 85 करोड़ रुपये का पांच वर्षीय टेंडर, 125 वाहन, 80 रिक्शा व 450 चालक व हेल्पर तैनात



# हकीकत : कूड़े से अटी पड़ी गलियां



स्थानीय लोगों का आरोप है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार प्रत्येक वाहन के साथ हेल्पर होना चाहिए, लेकिन अधिकांश गाड़ियों में केवल चालक ही आता है। हेल्पर नहीं होने के कारण कई बार वाहन गली में बिना रुके निकल जाता है और लोगों का कूड़ा नहीं उठ पाता। इससे व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बरसात के मौसम में और ज्यादा होती है समस्या

बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है। खुले में पड़ा कचरा बारिश के पानी के साथ नालियों में पहुंचकर जल निकासी को प्रभावित कर रहा है। वहीं सड़ते कचरे से दुर्गंध फैलने के साथ मच्छर और मक्खियों की संख्या बढ़ने लगी है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि कूड़ा संग्रहण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए, प्रत्येक वाहन के साथ हेल्पर की तैनाती सुनिश्चित हो तथा सभी घरों के एफआरडी टैग अनिवार्य रूप से स्कैन किए जाएं। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये के टेंडर के बावजूद यदि घर-घर से समय पर कूड़ा नहीं उठेगा तो स्वच्छ शहर का दावा केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

**कई क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच रही, लोग घरों का कचरा प्लॉटों, सड़कों पर डालने को मजबूर**

### एफआरडी टैग तक स्कैन नहीं हो रहे

इतना ही नहीं, घरों के बाहर लगाए गए एफआरडी टैग भी नियमित रूप से स्कैन नहीं किए जा रहे हैं। इन टैगों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कूड़ा संग्रहण वाहन प्रत्येक घर तक पहुंचे और उसकी निगरानी की जा सके। लेकिन टैग स्कैन नहीं होने से यह पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि संबंधित वाहन निर्धारित रूट पर गया या नहीं। इससे निगरानी व्यवस्था भी कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है।

**सुचारू रूप से चल रही सफाई व्यवस्था**

सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से निरतंर चल रही है। सब जगह गाड़ियां जा रही है। उसके बावजूद कहीं पर इस तरह की समस्या बनी हुई है तो वहां पर भी गाड़ियां भिजवा दी जाएगी। कूड़ा उठान निरंतर तरीके से चल रहा है। वार्डों में स्वच्छता अभियान भी लगातार जारी है।

-सत्येंद्र दूहन
आयुक्त, नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर निगम ने 22 वार्डों में घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य करीब 85 करोड़ रुपये के पांच वर्षीय टेंडर के तहत निजी एजेंसी को सौंप रखा है। रिकॉर्ड में व्यवस्था के लिए 125 छोटा हाथी टाइप वाहन, लगभग 80 रिक्शा और करीब 450 चालक व हेल्पर तैनात हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। कई क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नियमित रूप से नहीं पहुंच रही हैं, जिससे लोग घरों का कचरा खाली प्लॉटों, सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर डालने को मजबूर हैं। पुरानी आईटीआई, प्रीत विहार, पुराना हाउसिंग बोर्ड सहित कई कॉलोनियों के लोगों व समाजसेवी जसबीर कुमार का कहना है कि कई दिनों से कूड़ा संग्रहण वाहन समय पर नहीं आ रहे। पहले जहां प्रतिदिन वाहन पहुंच जाता था, वहीं अब कई-कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है। मजबूरी में लोगों को घरों का कचरा आसपास खाली जगहों पर फेंकना पड़ रहा है, जिससे गंदगी और बदबू लगातार बढ़ रही है।





### एमडीयू में डॉ. विकास सिवाच की बहाली और रिक्त पदों पर भर्ती की उठाई मांग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शिक्षक और गैर-शिक्षक संगठनों ने कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर एकजुटता दिखाते हुए डॉ. विकास सिवाच का निलंबन वापस लेकर तत्काल बहाल करने तथा विवि में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती करने की जोरदार मांग उठाई। एमडीयू गैर-शिक्षक संघ कार्यालय में आयोजित संयुक्त बैठक में एमडीयू शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. प्रदीप गहलोत, सचिव डॉ. महेश कुमार, एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश कौशिक, ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटीज एंप्लाइज फेडरेशन के चेयरमैन वजीर सिंह भट्ठी और सेक्रेटरी जनरल डॉ. विजय पाल धनखड़ शामिल हुए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने डॉ. विकास सिवाच का निलंबन वापस लेकर उन्हें तत्काल बहाल करने और विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

### 30 को होगी राज्य परिषद की बैठक मांगों पर आंदोलन की बनेगी रणनीति

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला रोहतक के अधीन सभी शाखाओं की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विक्रम साहू ने की, जबकि संचालन विनय रोहिला ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव इंद्र सिंह सिहाग, उपप्रधान जगबीर सिंह हुड्डा और राज्य प्रधान रंगी राम मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई 2026 को रोहतक में राज्य परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नौकरी सुरक्षा में देरी के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में जिला चेयरमैन रामनिवास चोपड़ा, उपप्रधान जितेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष ध्रुव कौशिक, ऑडिटर शमशेर सिंह खनगवाल, जगदीश अहलावत, बिजेंद्र नरवाल, अमरीक, सुखबीर, प्रमोद चोपड़ा, नवीन मलिक आदि मौजूद रहे।





### ग्रामीण चौकीदारों की मांगों पर 15 दिन में होगी अधिकारियों से वार्ता

**रोहतक।** प्रभात भवन में आयोजित हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए सभा के प्रांतीय कोषाध्यक्ष भगत सिंह ने बताया कि ग्रामीण चौकीदारों की मांगों के समाधान के लिए सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि विभागीय अधिकारियों के साथ 15 दिनों के भीतर चंडीगढ़ में वार्ता कराई जाएगी। यदि तय समय में वार्ता नहीं होती या मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो 19 जुलाई को आंदोलन के अगले चरण की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को हरियाणा के ग्रामीण चौकीदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद चंडीगढ़ में सीएम के ओएसडी राकेश संधु ने सीटू के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनका मांग-पत्र प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी




### मानदेय बढ़ोतरी को लेकर आशा वर्कर्स ने सीएमओ को सेहत मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू एवं एडब्ल्यूएफएफआई से संबद्ध) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को जिले की सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर यूनियन की जिला सचिव फूलवती, जिला प्रधान सोनिया, जिला कोषाध्यक्ष अनीता भाली तथा सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यूनियन नेताओं ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार लगातार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है।



### मांगें पूरी नहीं होने पर नपा कर्मचारी संघ का सरकार को अल्टीमेटम, आंदोलन की चेतावनी

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा ने 13 मई 2026 को सरकार के साथ हुए समझौते को पूरी तरह लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए राज्य महासचिव धर्मपाल सिंगला के नेतृत्व में प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कहा कि समझौते के तहत मानी गई कई मांगों पर अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन स्थानीय निकाय मंत्री के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि 1 से 14 मई तक चली राज्यव्यापी हड़ताल के बाद 13 मई को सरकार और कर्मचारी संगठन के बीच समझौता हुआ था।



### हेमसा ने डिप्टी डीईओ को सौंपा ज्ञापन समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**रोहतक।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) जिला कमेटी रोहतक ने लंबित वेतन निर्धारण और अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने के लिए डिप्टी डीईओ को ज्ञापन सौंपा। संगठन के नेताओं ने बताया कि वित्त विभाग के आदेशानुसार 2020 बैच से पूर्व के वरिष्ठ लिपिकों को तीन और 2020 बैच के लिपिकों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना तय हुआ है। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पात्र कर्मचारियों के कई मामले लंबित पड़े हैं, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान हो रहा है। हेमसा नेता मुकेश खरब ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन शुरू करने को विवश होगा।

### मारपीट विवाद को लेकर पब्लिक हेल्थ कर्मचारियों का धरना, समझौते के बाद बहाल हुई पानी सप्लाई

**सांपला।** पब्लिक हेल्थ विभाग के दो कर्मचारियों के बीच हुए विवाद ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया। मामला इतना बढ़ गया कि हरियाणा कर्मचारी पीडब्ल्यूडी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने एसडीओ कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में विभागीय अधिकारियों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया और गांव में पानी की सप्लाई भी बहाल कर दी गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को यूनियन शाखा प्रधान जयदीप और विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) देवेंद्र कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद जेई देवेंद्र कुमार ने शाखा प्रधान के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस में शिकायत होने से नाराज यूनियन पदाधिकारियों ने मामले को लेकर एसडीएम और डीसी कार्यालय में भी शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

## सेक्टर-2 और सेक्टर-3 मार्केट में पार्षद सुशील ने करवाई सफाई

# मानसून को देखते हुए निगम का सफाई अभियान तेज

**सड़कों, नालों और बाजारों में चला सफाई अभियान, जलभराव रोकने के लिए गाद व प्लास्टिक हटाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** सफाई करते वार्ड सदस्य सुशील नांदल व अन्य कर्मचारी।

नगर निगम द्वारा आयुक्त सत्येन्द्र दुहन के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं जलभराव मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सर्कुलर रोड, जनता कॉलोनी, हुड्डा कॉम्प्लेक्स से छोटूराम चौक, तेज कॉलोनी, बाबरा मोहल्ला, प्रताप चौक तथा सेक्टर-2 और सेक्टर-3 मार्केट सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई कार्य कराया गया। निगम की सफाई टीमों ने सड़कों, गलियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर फैले कचरे को एकत्रित कर उसका तत्काल उठान कराया। इसके अलावा नालों और नालियों में जमा गाद, प्लास्टिक, पॉलीथिन तथा अन्य अवरोधों को निकालकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया गया, ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित न हो और शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। विशेष सफाई अभियान वार्ड सदस्यों की निगरानी और मुख्य सफाई निरीक्षकों की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। सेक्टर-2 और सेक्टर-3 मार्केट में वार्ड सदस्य सुशील नांदल की उपस्थिति में भी विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की सफाई कराई गई। मुख्य सफाई निरीक्षक लगातार शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से विशेष सफाई अभियान जारी रखा जाए।

### जलभराव की समस्या पर हो प्रभावी नियंत्रणः दुहन

आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने कहा कि नगर निगम का यह विशेष सफाई अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा। शहर के सभी वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित निरीक्षण के साथ सफाई कार्य कराया जाएगा, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके तथा मानसून के दौरान जलभराव और गंदगी की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो।

# सर्टिफिकेट से बड़ी है व्यक्तित्व की शिक्षा तनाव में मदद मांगने से न घबराएं : कुलपति

- विद्यार्थियों पर परीक्षा, सफलता और सोशल मीडिया का भारी दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य डॉक्टर।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और मेडिविजन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर स्वस्थ एवं सार्थक विद्यार्थी जीवन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। कुलपति ने कहा कि इस कमरे में इतनी ऊर्जा, संभावनाएं और आशा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। आज जब हम राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस मना रहे है। उन्होंने कहा कि आज के व्याख्यान का विषय स्वस्थ एवं सार्थक विद्यार्थी जीवन युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। अक्सर लोग सोचते हैं कि विश्वविद्यालय जीवन का मतलब सिर्फउस सर्टिफिकेट से कहीं बड़ा है। यह उस इंसान के बारे में है जो आप उस सर्टिफिकेट को हासिल करते समय बनते हैं। इस प्रोग्राम में पीजीआईडीएस के फैकल्टी डॉ. हरनीत सिंह, डॉ. अंशुल सिंह, डॉ. श्रुति, मेडिविजन के प्रियंकल आदि मौजूद रहे।

# रेजांगला शूटिंग : निशानेबाज निआ ने कांस्य जीत चमकाया रोहतक का नाम

■ सब यूथ आईएसएसएफ महिला वर्ग में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की उभरती निशानेबाज निआ शर्मा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गुरुग्राम में आयोजित 9वीं रेजांगला शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले सप्ताह आयोजित इस प्रतियोगिता के सब यूथ आईएसएसएफ महिला वर्ग में निआ ने कांस्य पदक जीतकर रोहतक का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। निआ शर्मा लगातार शूटिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित कर चुकी हैं। उनकी इस नई उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखती हैं। निआ की सफलता पर उनके कोच, परिवार और खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि निआ की मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का ही परिणाम है कि वह लगातार प्रतियोगिताओं में पदक जीत रही हैं। निआ शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और प्रशिक्षण देने वाली अकादमी को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर रोहतक और हरियाणा का नाम पूरे देश में रोशन करना है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे।



## एशियन चैंपियनशिप में मस्तनाथ विवि के छात्र धीरज ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के छात्र धीरज कुमार मलिक ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित जूनियर एशियन ग्रीको-रोमन कुश्ती चैंपियनशिप-2026 के 77 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाया है। जींद के गांव निडाना निवासी धीरज की इस ऐतिहासिक सफलता से विश्वविद्यालय और प्रदेश में खुशी का माहौल है। धीरज की उपलब्धियों का ग्राफ लगातार शानदार रहा है। उन्होंने वर्ष 2026 में सीनियर नेशनल रैंकिंग में कांस्य और इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इससे पहले 2025 में सीनियर हरियाणा राज्य कुश्ती में वे प्रथम रहे, जबकि 2023 और 2024 की स्कूल व कैडेट नेशनल प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुके हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने धीरज को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कुलपति प्रो. डॉ. बी.एम. यादव, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार और खेल निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि धीरज की सफलता विश्वविद्यालय की बेहतरीन खेल संस्कृति, कोचों की मेहनत और छात्र के कड़े अनुशासन का परिणाम है।



## खबर संक्षेप

### शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष बने प्रो. जितेंद्र कुमार

**रोहतक।** मदवि प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शिक्षा संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र कुमार को शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेशानुसार कुलसचिव कार्यालय द्वारा इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी आदेशों के तहत प्रो. जितेंद्र कुमार अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इसके अलावा, उन्हें विभाग के जन सूचना अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है।

### पाड़ा मोहल्ला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**रोहतक।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के सहयोग से रविवार 12 जुलाई को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, पाड़ा मोहल्ला में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पीजीआईएमएस रोहतक के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम स्त्री रोग, नेत्र रोग, दंत रोग तथा नाक-कान-गला (ईएनटी) संबंधी बीमारियों की जांच कर मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देगी। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा, जबकि नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## भिवानी-हिसार लिंक रोड की हालत जर्जर, रोजाना चोटिल हो रहे राहगीर

मानसून में होने लगा जलभराव, कीचड से निकलना हुआ मुश्किल

# शहर का दम घोंट रहे चौराहे

■ आसपास की कई कॉलोनियों से दिन-रात गुजरते हैं भारी वाहन

■ छह-सात वर्ष से नहीं बना रोड मेयर से मिलेंगे कॉलोनी वासी

■ सुखपुरा चौक पर फ्लाइओवर निर्माण के चलते राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी-हिसार लिंक रोड की बदहाली अब सिर्फ एक सड़क की कहानी नहीं रही, बल्कि यह रोजाना हजारों लोगों की परेशानी और प्रशासनिक लापरवाही का आईना बन चुकी है। छह से सात साल से मरम्मत की बाट जोह रही इस सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि हर दिन कोई न कोई राहगीर चोटिल हो रहा है। मानसून की बारिश ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे अब पानी से लबालब हैं, जिससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। इसके साथ ही सुखपुरा चौक पर भी कछुआ गति से चल रहे पुल निर्माण की वजह से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से देर रात तक हिसार भिवानी लिंक मार्ग पर वाहनों की लंबी आवाजाही बनी रहती है। आसपास कई रिहायशी कॉलोनियां होने के कारण स्थानीय लोगों का रोजाना इसी सड़क से आना-जाना होता है। इसके अलावा भारी वाहनों की लगातार आवाजाही ने सड़क की बची-खुची हालत भी बिगाड़ दी है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रहा है।

### वाहन फिसलने की घटनाएं आम

बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव के कारण वाहन फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं, जबकि पैदल चलने वालों को भी हर कदम संभलकर रखना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से सड़क की हालत खराब है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत समय पर होती तो आज यह स्थिति नहीं बनती। बारिश के दिनों में सड़क पर जमा पानी परेशानी को कई गुना बढ़ा देता है। गड्ढों में भरा पानी राहगीरों को धोखा देता है और अचानक वाहन उछलने या फिसलने से लोग चोटिल हो जाते हैं। कई वाहन चालक तो इस सड़क से गुजरने से बचने के लिए लंबा रास्ता अपनाने को मजबूर हैं। वहीं, जिन लोगों के पास दूसरा विकल्प नहीं है, वे रोजाना जोखिम उठाकर सफर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेयर रामअवतार वाल्मीकि और निगम आयुक्त सतेंद्र दुहन को सड़क की सुध लेनी चाहिए।



**रोहतक।** भिवानी हिसार लिंक रोड का फोटो।




**रोहतक।** सुखपुरा चौक पर निर्माणाधीन पुल। फोटो :हरिभूमि

### सुखपुरा चौक पर बढ़ रही आफत, रूक-रूक हो रहा पुल निर्माण

सुखपुरा चौक से हिसार, जींद, पंजाब, दिल्ली, झज्जर, सोनीपत, पानीपत, चंडीगढ तक आने जाने के लिए रास्ता है लेकिन पुल निर्माण के चलते आवागमन प्रभावित हो रहा है। इन शहरों में आने जाने वाले लोग नया बस अड्डा बाईपास का प्रयोग कर रहे हैं। सुखपुरा चौक पर बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य रूक-रूक कर चल रहा है। निर्माण के चलते सड़क का बड़ा हिस्सा घिरा हुआ है और आने-जाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। संकरे रास्ते से एक साथ बड़े और छोटे वाहनों के गुजरने से हर समय जाम और हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं और मामूली दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित रास्ते का अभाव परेशानी बढ़ा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग या पर्याप्त चौड़ाई छोड़ी जाती तो लोगों को इतनी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। उनका आरोप है कि सुरक्षा इंतजाम भी नाकाफी हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भिवानी-हिसार लिंक रोड की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और सुखपुरा चौक पर फ्लाईओवर निर्माण के दौरान सुरक्षित व पर्याप्त आवागमन सुनिश्चित किया जाए।



## मॉडल स्कूल में बच्चों ने सीखे आग पर काबू पाने के व्यावहारिक गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में आज अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 'फायर मॉक ड्रिल' का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के प्रमुख अग्निशामक व सिटी स्टेशन प्रमुख जसमेद ने विद्यार्थियों को सिखाया कि आग लगने पर घबराने के बजाय शांत रहकर आपातकालीन निकास का उपयोग कैसे करें। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान अग्निशामक चालक सतीश मलिक ने विभिन्न प्रकार की आग और उन्हें नियंत्रित करने के तरीकों की जानकारी देते हुए आपातकाल में तुरंत '112' नंबर पर सूचित करने की अपील की। विद्यार्थियों व स्टाफ ने आपदा के समय सतर्कता और अनुशासन का महत्व समझा।

## एडवांटा अस्पताल ने टाइटवेल फास्टनर्स में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रोहतक।** हिसार रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित टाइटवेल फास्टनर्स कंपनी में एडवांटा अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कंपनी के करीब 90 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की गई। शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने कर्मचारियों के शुगर, बीपी, थायराइड तथा नाक, कान व गले से संबंधित विकारों की जांच की। इसके साथ ही एडवांटा अस्पताल के निदेशक मोहित मलिक की तरफ से सभी जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। यह शिविर डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. मोहित ढांडा, डॉ. अर्चना दहिया, डॉ. बबीता बरक, डॉ. श्वेता यादव और डॉ. सचिन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस सामाजिक सरोकार के कार्य में मनोज शर्मा और हिंदुस्तान प्रेस ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने विशेष योगदान दिया। ट्रस्ट की ओर से कंपनी के एचआर हेड देशराज को शाल ओढ़ाकर 'गांव गौरव' सम्मान से नवाजा गया। अंत में टाइटवेल कंपनी के मालिक, एचआर हेड देशराज व समस्त स्टाफ ने एडवांटा अस्पताल के निदेशक और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया।



## एलपीएस बोसार्ड व इनरव्हील क्लब ने लगाए 251 पौधे

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एलपीएस बोसार्ड और इनरव्हील क्लब ऑफ रोहतक ब्लूमिंगडेल द्वारा संयुक्त रूप से झज्जर रोड स्थित स्पोर्ट्स एरिना में विशाल पौधरोपण अभियान चलाया गया। एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बालम खीरा, अमलतास, सागवान, केजुरीना और बॉटल ब्रश सहित विभिन्न प्रजातियों के 251 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर राजेश जैन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने ऑक्सीजन की वार्षिक खपत का गणित समझाते हुए हर नागरिक से कम से कम तीन पेड़ लगाने और उनके बड़े होने तक देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसी कड़ी में, सामाजिक सरोकार निभाते हुए समृद्धि जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान क्लब अध्यक्षा डॉ. राशि, कोमल शर्मा, समृद्धि जैन, स्वाति जुनेजा, वर्णिता जैन और डॉ. अर्पण भांबरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पठानिया स्कूल में 41वें इन्वेस्टीचर सेरेमनी में 481 विद्यार्थी सम्मानित



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में 41वें इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने शिरकत की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नर्सरी से बारहवीं कक्षा के 481 विद्यार्थियों को बैज व स्शैश प्रदान किए गए। सीनियर विंग में मन्नत लाठर को हैड गर्ल, आदित्य ढाका को हैड ब्वाय और कृतिका सैनी को स्कूल कप्तान नियुक्त किया गया। वहीं जूनियर विंग में विधि नारा को हैड गर्ल और रियान कुमार को हैड ब्वाय की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्कूल अब तक 1,257 पदक (534 राज्य, 616 राष्ट्रीय और 107 अंतरराष्ट्रीय) जीतकर देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल है। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि यह बैज केवल पहचान नहीं, बल्कि कर्तव्य और जिम्मेदारी का प्रतीक है।



## जीवन कौशल से आत्मनिर्भर बने विद्यार्थी

**रोहतक।** केवीएम स्कूल में सीबीएसई के दिशा-निर्देशानुसार कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष जीवन कौशल विकास गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य विषय बटन लगाना था, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस व्यावहारिक गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना और उनमें दैनिक जीवन के उपयोगी कौशल विकसित करना था। गतिविधि के दौरान शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को सुई में धागा डालने, गाँठ लगाने और कपड़े पर सही तरीके से बटन टांकने की विधि सिखाई गई। इसके बाद सभी बच्चों ने स्वयं बटन लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि से विद्यार्थियों में धैर्य, एकाग्रता और जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मीना कौशिक ने बताया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए ऐसी गतिविधियां बेहद जरूरी हैं। भविष्य में भी सी.बी.एस.ई. के निर्देशानुसार ऐसी जीवन कौशल आधारित गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा।

## सांघी के मॉडल संस्कृति स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या बबिता रानी ने की। समारोह में समाजसेवी अंजू हुड्डा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा, समाजसेवी राजेश, राजेंद्र सिंह और पूर्व एईओ अनिल हुड्डा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।समारोह में एशियन चैंपियनशिप (कुश्ती) की स्वर्ण पदक विजेता विनाक्षी को नकद राशि देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एशियाई गेम्स के लिए चयनित दीपांशी, राष्ट्रीय कुश्ती स्वर्ण विजेता प्रिंस, कबड्डी खिलाड़ी आर्यन और जयदेव को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अंजू हुड्डा ने पहली से बारहवीं कक्षा के टॉपरों को क्रमशः 1100, 700 और 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। अतिथियों ने शिक्षा और खेल को व्यक्तित्व निर्माण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन व कड़े परिश्रम की सीख दी। प्राचार्या बबिता रानी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। मंच संचालन गणित प्राध्यापक राकेश गौड़ ने किया।



**रोहतक।** खिलाड़ी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा, समाजसेवी राजेश, राजेंद्र सिंह और पूर्व एईओ अनिल हुड्डा व प्राचार्या बबिता रानी। फोटो :हरिभूमि



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बाल वाटिका के बच्चों के लिए 'रंग भरो प्रतियोगिता'

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बाल वाटिका-1, 2 और 3 के नन्हे विद्यार्थियों के लिए 'रंग भरो प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने क्रेयॉन, पेंसिल और वॉटर कलर की मदद से आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता व सौंदर्यबोध का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बाल वाटिका-1 से धन्वी प्रथम, लक्षयिव व समायरा द्वितीय और समर्थ व नीलाक्षी तृतीय रहे। बाल वाटिका-2 में जियांश व नक्ष प्रथम, वर्निका व प्राची द्वितीय और वंश व जैस्मिन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बाल वाटिका-3 में धैर्य, तनिष्क व चिराग ने पहला, देवव्रत, दृश्या, सहर व नीवी ने दूसरा और जिया व शिवांगी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➤ MRI/CT TECHNICIAN 4
➤ COMPUTER OPERATOR 2
➤ PRO 2
➤ NURSING STAFF 4
➤ WARD BOY 2
➤ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

शिक्षकों के बीच लंबे समय से चल रहे विवादों के बीच विवि प्रशासन विभागीय स्थिति की करेगा समीक्षा

# फिजिकल एजुकेशन विभाग पर बढ़ेगा एमडीयू का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शारीरिक शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी के निलंबन के बाद अब विभाग के आंतरिक माहौल को लेकर भी विश्वविद्यालय प्रशासन की सक्रियता बढ़ने की संभावना है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विभाग का शैक्षणिक एवं कार्यस्थलीय वातावरण बेहतर बनाने के उद्देश्य से पहले ही एक समिति गठित की जा चुकी है। अब विभागाध्यक्ष के निलंबन के बाद समिति की बैठक जल्द होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह समिति काफी समय पहले गठित की गई थी। समिति का उद्देश्य विभाग में कार्यरत शिक्षकों के बीच समन्वय, कार्य वातावरण और आपसी संवाद की स्थिति का आकलन करना है।



### शारीरिक भिभाग कई वर्षों से चर्चा में

विश्वविद्यालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शारीरिक शिक्षा विभाग पिछले कई वर्षों से विभिन्न कारणों से चर्चा में रहा है। विभाग में शिक्षकों के बीच मतभेद और प्रशासनिक विवाद समय-समय पर सामने आते रहे हैं। विश्वविद्यालय के जानकारों का कहना है कि शिक्षकों के बीच सबसे अधिक विवाद इसी विभाग में देखने को मिले हैं। इसी पृष्ठभूमि में विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभाग के माहौल का स्वतंत्र आकलन कराने के लिए समिति गठित की थी। जब समिति का गठन किया गया था, उस समय विभाग में चार प्रोफेसर कार्यरत थे। हालांकि, पिछले दिनों एक प्रोफेसर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान में विभाग में तीन प्रोफेसर हैं। सूत्रों के अनुसार शिक्षकों के बीच दो और एक का समीकरण बना हुआ है, जिसे लेकर लंबे समय से मतभेद की स्थिति बताई जाती रही है। माना जा रहा है कि समिति इन परिस्थितियों का भी अध्ययन करेगी और सभी पक्षों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

### प्रो. भगत सिंह राठी को किया निलंबित

इधर, कार्यकारी परिषद (ईसी) ने गुरुवार को विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी को छात्रों से जुर्माना वसूली के मामले में गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई के बाद विभाग का प्रशासनिक और शैक्षणिक वातावरण एक बार फिर चर्चा में आ गया है। ऐसे में माहौल सुधार समिति की रिपोर्ट को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी समिति की बैठक की तिथि की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### विवि की नजरें समिति की अगली बैठक पर

विवि के अधिकारियों का मानना है कि किसी भी विभाग में स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण, आपसी समन्वय और संस्थागत अनुशासन विद्यार्थियों के हित में आवश्यक है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर किसी प्रकार के सुधारात्मक सुझाव सामने आते हैं तो उन पर विचार किया जाएगा। फिलहाल विवि की नजरें समिति की आगामी बैठक और उसकी रिपोर्ट पर हैं, जिससे शारीरिक शिक्षा विभाग के भविष्य की कार्यप्रणाली और वातावरण को लेकर आगे की दिशा तय हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

### नगराधीश शुभम को एचएसवीपी का अतिरिक्त कार्यभार



**रोहतक।** सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए नगराधीश शुभम को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) रोहतक के एस्टेट ऑफिसर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके साथ ही उन्हें गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के प्रशासक की जिम्मेदारी भी दी गई है। इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए गए। इससे पहले दोनों जिम्मेदारियां एसडीएम आशीष कुमार संभाल रहे थे। नए आदेश लागू होने के बाद नगराधीश शुभम एचएसवीपी के प्रशासनिक व विकास कार्यों के साथ सभा से जुड़े कार्यों की भी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अभिभावकों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर निः शुल्क किया जा सकता है। परीक्षा के लिए विद्यार्थी का कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना और निर्धारित आयु सीमा में होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवास, भोजन, यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

### दो नाबालिग किशोरियां लापता, तलाश शुरू

**रोहतक।** शहर में दो अलग-अलग क्षेत्रों से दो नाबालिग किशोरियों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में परिजनों की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में नईम अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद, निवासी हबीबपुर (जिला बिजनौर, यूपी) हाल किरायेदार बालक नाथ कॉलोनी, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी गुलिस्ता 26 जून को बिना किसी को बताए घर से चली गई। वहीं, दूसरे मामले में किरण पत्नी राजवीर, निवासी बरुआ (जिला शाहजहांपुर, यूपी) हाल शास्त्री नगर, हिसार रोड, ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 13 वर्षीय बेटी दुर्गा 3 जुलाई को बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिवार ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस दोनों मामले में तलाश शुरू कर दी है।

## कब्जे की गिरफ्त में पुराने गवर्नमेंट स्कूल परिसर की पार्किंग

# निगम की जमीन पर बजरी की दुकान

- 17,000 वर्ग गज जगह पर भवन निर्माण सामग्री पड़ी
- नहीं ली जा रही सुध, लगाए जाने थे शेड, हटना था कब्जा
- एक साथ खड़े हो सकते हैं हजारों वाहन

विजय अहलावत ▸▸| रोहतक

त्योहारों की रौनक बढ़ते ही बाजारों में भीड़ उमड़ने लगती है और प्रशासन को पार्किंग व्यवस्था की याद सताने लगती है। हर साल दीपावली जैसे बड़े त्योहारों से पहले ट्रैफिक और पार्किंग को लेकर बैठकों का दौर शुरू होता है, लेकिन शहर के पुराने गवर्नमेंट स्कूल परिसर की 3.5 एकड़ यानी करीब 17,000 वर्ग गज में बनी पार्किंग आज भी अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रही है। जिस स्थान पर एक समय हजारों वाहन खड़े हो सकते थे, वहां आज भवन निर्माण सामग्री और मलबे के ढेर लगे हैं और लोगों ने कब्जा कर रखा है। न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही पार्किंग को व्यवस्थित करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। हालांकि कई बार नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने पार्किंग स्थल के नवीनीकरण को लेकर बैठकें की, लेकिन धरातल पर काम नहीं। शहर के पुराने गवर्नमेंट स्कूल परिसर को पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई थी। यह एचएसवीपी के अधीन है और यहां करीब 180 दुकानें हैं। प्रशासन द्वारा यहां वाहन चालकों की सुविधा के लिए शेड लगाने और पूरे परिसर को व्यवस्थित करने की योजना बनाने की तैयारी की गई थी, ताकि गर्मी और बारिश के दौरान भी लोग आसानी से अपने वाहन खड़े कर सकें। कहा गया था यहां गिरा मलबा और रोडी क्रेशर भी हटवाया जाएगा। पार्किंग स्थल के बड़े हिस्से पर भवन निर्माण सामग्री और मलबा डालकर कब्जा किया गया है, जिससे पार्किंग की क्षमता प्रभावित हो रही है।

**यहां बननी है स्थायी पार्किंग**





**सड़क और बाजारों के किनारे खड़े हो रहे वाहन**


इस परिसर में एक हजार से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहन आसानी से खड़े किए जा सकते हैं। यदि इसे पूरी तरह विकसित कर दिया जाए तो त्योहारों और अन्य व्यस्त दिनों में बाजार आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

### प्रस्ताव भेजा गया



इस पार्किंग की जल्द ही सुध ली जाएगी। पार्किंग बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। यह प्रोजेक्ट पाइप लाइन में है। जल्द ही यहां काम शुरू होने की उम्मीद है। पार्किंग सही ढंग से शुरू होने के बाद हजारों लोगों को इसका फायदा मिलेगा।
**-नीरा भटनागर, पार्षद वार्ड छह**

### मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई जाए



अगर यहां मल्टी स्टोरी पार्किंग भी बना दी जाए तो माल गोदाम रोड, कच्चा बेरी रोड, किला रोड, रेलवे रोड आदि एरिया के दुकानदारों और ग्राहकों को फायदा हो सकता है। वैसे हर साल इस पार्किंग का नवीनीकरण करने का प्लान तैयार होता है। अगर इस योजना को पूरा किया जाए तो जाम से मुक्ति मिलेगी।
**-बिट्टू सचदेवा, पूर्व प्रधान किला रोड**

### प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद



प्रशासन को केवल त्योहारों के दौरान नहीं, बल्कि पूरे वर्ष पार्किंग व्यवस्था सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। पुराने गवर्नमेंट स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कर आधुनिक पार्किंग बनाई जाए, ताकि बाजारों में ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। उम्मीद है कि इस बार प्रशासन समीक्षा बैठकों के साथ जमीनी स्तर पर भी प्रभावी कार्रवाई करेगा। **-दीपक पुनियानी, प्रधान, किला रोड**

## जनता -शिवाजी कॉलोनी में बिजली चोरी आठ उपभोक्ताओं पर 2 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली वितरण निगम ने जनता कॉलोनी और शिवाजी कॉलोनी में औचक जांच अभियान चलाकर आठ स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। कार्रवाई के दौरान सीधे लाइन से बिजली लेने और अन्य अनियमित तरीके अपनाने वाले उपभोक्ताओं पर करीब दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अचानक हुई जांच से दोनों कॉलोनियों में हड़कंप मच गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को आर्थिक नुकसान होने के साथ ईमानदार उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इसलिए ऐसे मामलों में लगातार औचक अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना जांच जारी रहेगी तथा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलेजों में दूसरे, तीसरे व चौथे वर्ष में दाखिले शुरू

**24 जुलाई तक नहीं लगेगी लेट फीस**

**रोहतक।** प्रदेश के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों को 10 जुलाई से 24 जुलाई तक बिना लेट फीस प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रवेश और विद्यार्थियों का प्रमोशन केंद्रीय ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा।विभाग के अनुसार कॉलेजों को पहले शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस का विवरण पोर्टल पर अपडेट करना होगा, जिसके बाद विषयों का आवंटन किया जाएगा। सरकारी कॉलेजों में फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जमा हो सकेगी, जबकि सहायता प्राप्त और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में फीस ऑफलाइन जमा होगी। हालांकि रसीद पोर्टल के माध्यम से जारी की जाएगी।बिना लेट फीस प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। इसके बाद 25 से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ प्रवेश मिलेगा। 1 से 7 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। विभाग ने कॉलेजों को पात्रता नियमों, फीस वापसी और एंटी रैगिंग नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी सहायता के लिए हेल्पडेस्क से संपर्क करने की सुविधा भी दी गई है।

## संत कबीर और डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी प्रेरणास्रोत : ढांडा

*नेहरू कॉलोनी में लाइब्रेरी का उद्घाटन, धानक सभा को 11 लाख रुपये देने की घोषणा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार और संत कबीर की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नेहरू कॉलोनी में धानक सभा द्वारा निर्मित संत कबीर लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता से ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने शिक्षित एवं सक्षम लोगों से जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का आह्वान किया। धानक सभा के शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री ने संस्था को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।



**रोहतक।** नेहरू कॉलोनी में धानक सभा द्वारा निर्मित संत कबीर लाइब्रेरी का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

इस अवसर पर धानक सभा के प्रधान डॉ. सतीश लड़वाल, कार्यकारिणी के सदस्य, सुखबीर मुंडिया, मास्टर रामचंदर धामड़, नगर पार्षद रिंकू नागर, पूर्व पार्षद गीता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सरकारी विद्यालयों का आधारभूत ढांचा मजबूत कर रही सरकार**

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत कर रही है। शिक्षा मंत्री शुक्रवार को काहनौर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा कलानौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवनों के उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटने पर ग्रोवर ने सरपंच और उनके पति को लगाई फटकार

- काहनौर गांव की आबादी 9 हजार और यहां लगभग 6500 मतदाता फिर भी लोगों की संख्या रही कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा के रोहतक जिले के काहनौर गांव में सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने मंच से गांव की सरपंच और उनके पति पर तीखी नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम में अपेक्षित संख्या में लोगों की मौजूदगी नहीं होने पर उन्होंने इसे सरपंच की लापरवाही बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। ग्रोवर के बयान के बाद कार्यक्रम का माहौल कुछ देर के लिए राजनीतिक रंग में बदल गया। मंच से संबोधित करते हुए मनीष ग्रोवर ने कहा कि काहनौर गांव की आबादी करीब 9 हजार है और यहां लगभग 6500 मतदाता हैं। इसके बावजूद उद्घाटन समारोह में लोगों की संख्या बेहद कम रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम का आयोजन सरपंच की ओर से किया गया था, लेकिन उनके समर्थन का एक भी व्यक्ति कार्यक्रम में नजर नहीं आया। ग्रोवर ने कहा कि सरपंच ने शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा को आमंत्रित कर उनका सम्मान करने के बजाय उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जो सरपंच दिल से पार्टी के साथ नहीं हैं, उनके साथ उसी प्रकार का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सरपंच केवल विकास कार्यों के लिए धन लेने के समय ही सक्रिय दिखाई देते हैं और ऐसे जनप्रतिनिधियों की पहचान करने की जरूरत है। हालांकि, इस पूरे मामले पर सरपंच या उनके पति की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### डॉ. तरन्नुम खान जलेबी चौक पर किया पौधरोपण

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जलेबी चौक पर पौधारोपण अभियान शुरू किया। सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने भी पौधारोपण कर हरित वातावरण का संकल्प लिया।

## फायरिंग के 20 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं, पीड़ित परिवार थाने पहुंचा

- किसान नेता के साथ आईएमटी थाने में जताया रोष, पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मांगे दो दिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गांव कंसाला में गर्भवती महिला और उसके पति पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित परिवार शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन की महिला नेता के साथ आईएमटी थाना पहुंचा। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बाद भी नामजद आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं, जिससे परिवार में डर का माहौल है। थाना प्रभारी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन का समय मांगा है। पीड़ित सुधीर ने बताया कि 18-19 जून की रात पत्नी रेखा के साथ घर लौटते समय मोहना और रवि ने उन पर फायरिंग कर दी थी। दोनों ने दीवार की आड़ लेकर अपनी जान बचाई। भारतीय किसान यूनियन की सोनीपत जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र कौर ने कहा कि गर्भवती महिला और उसके पति पर जानलेवा हमला हुआ, लेकिन इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई अपेक्षित गति से नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार थाना प्रभारी से बातचीत के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। इसी वजह से पीड़ित परिवार के साथ थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। गई।

**जांच जारी, जल्द होगी कार्रवाई**

फायरिंग मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया जा चुका है तथा नामजद आरोपियों से पूछताछ भी की गई है। मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**-अश्वनी आईएमटी थाना प्रभारी**

## मंदबुद्धि युवती से कथित छेड़छाड़ विरोध करने पर भाई से मारपीट

- कलानौर के बनियानी गांव की घटना, दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज, गिरफ्तारी का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

कलानौर थाना क्षेत्र के गांव बनियानी में 23 वर्षीय मंदबुद्धि युवती से कथित छेड़छाड़ और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनियानी निवासी दीपक ने बताया कि उसकी 23 वर्षीय बहन मानसिक रूप से कमजोर (मंदबुद्धि) है। वह सुबह करीब आठ बजे गांव की दुकान से सामान लेने गई थी। आरोप है कि सामान लेकर लौटते समय दुकानदार विनोद उर्फ बाली पुत्र जयराम ने उसे रास्ते में रोक लिया और कथित रूप से पकड़कर छेड़छाड़ की। शिकायत के अनुसार, उसी समय वहां से गुजर रहे सनी मिस्त्री पुत्र ज्ञानी राम ने युवती की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसी दौरान कृष्णा पत्नी विद्यानंद भी वहां पहुंच गईं और शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी वहां से हट गया। परिजन मौके पर पहुंचे और युवती को घर ले आए। पूछताछ करने पर युवती ने परिजनों को पूरी घटना बताई। दीपक ने बताया कि अगले दिन जब वह आरोपी के घर के सामने जाकर घटना के बारे में पूछताछ करने पहुंचा तो विनोद ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान आरोपी का भाई सोनू भी मौके पर आ गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसमें धक्का-मुक्की के दौरान विनोद के गिरने से उसे चोट लग गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**इनसे डर लगता है...** **निर्धारित बस स्टॉप छोड़, जहां मिली सवारी, वहीं रोक देते**

## लाल ही नहीं हरा भी हो सकता है खतरे का रंग... मोड़ पर कट मार रहे इलेक्ट्रिक बस चालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही इलेक्ट्रिक बस सेवा पर अब सवाल उठने लगे हैं। बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज रूट पर सुबह करीब 11 बजे चलने वाली एक इलेक्ट्रिक बस के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय वाहन चालकों और यात्रियों का कहना है कि बस को तेज गति और असावधानी से चलाया जाता है, जिससे रोजाना सड़क पर हादसे की आशंका बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संबंधित बस चालक कई बार निर्धारित बस स्टॉप पर बस रोकने के बजाय सड़क पर जहां भी सवारी दिखाई देती है, वहीं बस रोक देता है। इससे पीछे आ रहे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं। कई बार वाहन चालक टक्कर से बाल-बाल बचे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह बस को बीच सड़क पर रोकना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। वाहन चालकों का आरोप है कि बस स्टैंड से मेडिकल तक के मार्ग पर चालक कई स्थानों पर बस को लहराते हुए चलाता है। इससे आसपास चल रहे वाहन चालकों में असहजता और डर का माहौल रहता है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस प्रकार की ड्राइविंग पर रोक नहीं लगी तो किसी दिन बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

**नियमों के तहत हो संचालन**

लोगों का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसें शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। ऐसे में इनका संचालन भी पूरी जिम्मेदारी और निर्धारित नियमों के अनुसार होना चाहिए। बस चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए केवल अधिकृत बस स्टॉप पर ही यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के निर्देशों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

**जांच करवाई जाएगी**

अगर इस तरह की समस्या है तो इसकी जांच करवाई जाएगी। चालक के खिलाफ जरूर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यात्रियों व वाहन चालकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।
**-हसंराज, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो**



**रोहतक।** बस स्टाप से 150 मीटर पहले ही एमडीयू के गेट नंबर दो से पहले सवारी को बैठाता चालक।

### लाखनमाजरा टोल: कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पीछे से मारी टक्कर, उपचार के बाद दोनों पक्षों में हुआ समझौता**

**रोहतक।** लाखनमाजरा मार्ग पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लाखनमाजरा टोल के समीप तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाखनमाजरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। जानकारी के अनुसार गांव खरेंटी निवासी राजू बाइक पर सवार होकर रोहतक की ओर जा रहा था। जैसे ही वह लाखनमाजरा टोल के पास पहुंचा, पीछे से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसे समय पर उपचार मिल सका। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

